पाठ - 5 (संधि)
कक्षा - छठी (हिंदी व्याकरण से)

प्र०1 संधि किसे कहते हैं? इसके कितने भेद होते हैं? प्रत्येक के नाम लिखिए।

उ० दो ध्वनियों के पास-पास होने पर, उनके मेल से जो विकार अथवा परिवर्तन होता है, उसे संधि कहते हैं।
संधि के तीन भेद होते हैं:
1. स्वर संधि
2. व्यंजन संधि
3. विसर्ग संधि

प्र०2 स्वर संधि किसे कहते हैं?
उ० दो स्वरों के मेल से जो विकार उत्पन्न होता है, उसे स्वर संधि कहते हैं। जैसे- विद्या + आलय = विद्यालय, औषध + आलय = औषधालय आदि।

प्र० व्यंजन संधि किसे कहते हैं?
उ० व्यंजन के साथ व्यंजन अथवा स्वर के मेल से जो विकार होता है, उसे व्यंजन संधि कहते हैं। जैसे शरत् + चंद्र = शरतचंद्र आदि।

प्र०5 विसर्ग संधि किसे कहते हैं?
उ० विसर्ग के साथ स्वर या व्यंजन के मेल के मेल से जो विकार उत्पन्न होता है, उसे विसर्ग संधि कहते हैं। जैसे- निः + चय, धनु + टंकार = धनुष्टंकार आदि।

पाठ - ६ः
कक्षा - ६ः
हिंदी व्याकरण

प्र०१ समास किसे कहते हैं ? इसके कितने भेद हैं ? प्रत्येक के दो - दो उदाहरणं दीजिए ।

उ० अनेक शब्दों से मिलकर जब एक पद बन जाता है तो वह समास कहलाता है ।
इसके भेद हैं ।

1. तत्पुरुष समास -: (i) सुख को प्राप्त = सुख प्राप्त
(ii) ग्राम को गत = ग्रामगत

2. कर्मधारय समास -: (i) नीला है जो गगन = नीलगगन
(ii) घन जैसा श्याम = घनश्याम

3 द्विगु समास -: (i) सात सौ दोहों का समूह = सतसई (ii) चार मासों का समूह = चौमासा

4. द्वद्व समास -: (i) अन्न और जल = अन्नजल
(ii) माता और पिता = माता-पिता

5. अव्ययीभाव समास -(i) पेट भरकर = भरपेट
(ii) जन्मभर = आजन्म

6. बहुव्रीहि समास -: नीला है कंठ जिसका (शिव) = नीलकंठ (ii) चार भुजाओं वाला (विष्णु) चतुर्भुज

पाठ = 7
कक्षा = छः
हिंदी व्याकरण

प्र०1 प्रत्यय किसे कहते हैं ? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।
उ० जो शब्दांश किसी शब्द के अंत में जुड़कर उसके अर्थ में परिवर्तन लाते हैं, उन्हें प्रत्यय कहते हैं।
जैसे -: मनुष्य से मनुष्यता आदि।

प्र०2 उपसर्ग व प्रत्यय में क्या अंतर है ? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।
उ० जो शब्दांश किसी शब्द के प्रारंभ में जुड़कर उसके अर्थ में परिवर्तन लाते हैं उन्हें उपसर्ग कहते हैं। अ से अव से=जैसे -: अज्ञान अव गुण आदि।

जबकि प्रत्यय शब्दांश के अंत में जुड़कर उसके अर्थ में परिवर्तन ला दे वह प्रत्यय कहलाता है।
जैसे - मनुष्य से मनुष्यता आदि।